भर्ती हेतु सूचना

वरिष्ठ परामर्शदाता- टीकाकरण सामग्री प्रबंधन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचबीआरसी), नई दिल्ली ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से ऊपर उल्लिखित पद के लिए पूर्णत: संविदा आधार पर योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन मंगाया है।

पृष्ठभूमि और कार्य का प्रयोजनः

भारत में वैश्विक टीकाकरण कार्यक्रम विश्व के विशालतम सार्जवजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक है। कोल्ड चेन सहित वेक्सीन सामग्री प्रबंधन टीकाकरण कार्यक्रम का आधार है। टीकाकरण और वेक्सीन सामग्री प्रबंधन परामर्शदाता, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार में टीकाकरण प्रभाग के राष्ट्रीय कार्यक्रम अधिकारी के पर्यवेक्षण के अधीन राज्य कोल्ड चेन अधिकारियों और राज्य टीकाकरण अधिकारियों के मदद से देश में एक विश्वसनीय वेक्सीन सामग्री प्रबंधन और सूचना प्रणाली की स्थापना में विशेष रूप से सहयोग मिलेगा।

भूमिका और उत्तरदायित्व

वरिष्ठ परामर्शदाता- टीकाकरण सामग्री प्रबंधन निम्नलिखित कार्यों के लिए उत्तरदायी होगा:

- **नियोजनाः**
  - कोल्ड चेन और संबंधित तार्किक पूर्वानुमान तैयार करना। राज्य, संघ राज्य क्षेत्र वार विवरण सहित राष्ट्रीय स्तर पर सामग्रियों की मांग तैयार करना और वितरण करना।
  - इन राज्यों के लिए कोल्ड चेन और संबंधित सामग्री प्रदानगी सारणी विकसित करना और इन और य किसी सामग्री के रिहाई आदेश को जारी करने में मदद करना।
  - राज्य पीआईपी के संबंधित घटकों की तैयारी में राज्यों के लिए सहायता, विशेष रूप से राज्य स्तर पर वेक्सीन संचालक प्रशिक्षण और टीकाकरण सामग्री की खरीद जैसे टीकाकरण कार्ड, कोल्डचेन सामग्री और विभिन्न प्रपत्र।
  - राज्यों के कोल्डचेन अधिकारियों और परामर्शदाताओं तथा वेक्सीन प्रबंधकों के साथ समन्वयन और प्रति माह् कोल्ड चेन व संबद्ध सामग्री स्टॉफ की स्थिति पर सूचना लेना।
- **निगरानीः**
  - राज्यों के लिए कोल्ड चेन और संबंधित सामग्री प्रदानगी निगरानी मैट्रिक्स विकसित करना तथा ट्रैकिंग के लिए उसका उपयोग करना।
  - राज्य और जिला स्तर पर कोल्ड चेन और संबंधित सामग्री संचालक प्रशिक्षण की निगरानी करना।
  - नियमित रूप से जीएमएसडी और राज्य स्टोरों पर कोल्ड चेन और संबद्ध सामग्री उपलब्धता स्थिति को अद्यतन करना।
  - राज्य सीसीओ की राष्ट्रीय समीक्षा बैठक कराना।
  - राष्ट्रीय कोल्ड चेन एमआईएस का क्रियान्वयन और निगरानी कराना।
  - वेक्सीन सामग्री टीकाकरण प्रणाली- "इलैक्ट्रॉनिक वेक्सीन आसूचना तंत्र(ईवीआईएन)" की निगरानी करना।
- **क्षेत्रीय दौरेः**
  - मंत्रालय की अपेक्षानुसार आवधिक क्षेत्रीय दौरे। सहमत उपायों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए अनुवर्ती कार्रवाई।
- **दी जा रही सहायताः**
  - राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों से प्राप्त रिपोर्टों के विश्लेषण सहित विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देना।
- **गुणवत्ता वाली टीकाकरण सेवाओं के लिए तकनीकी सहयोगः**
  - राज्यों के मानकीकृत वेक्सीन सामग्री प्रबंधन रजिस्टरों के क्रियान्वयन में सहयोग।
  - पर्यवेक्षण, निगरानी और क्षेत्रीय स्टाफ को वेक्सीन प्रबंधन में कार्यक्षेत्र प्रशिक्षण उपलब्ध करानाः जीएमएसडी स्टाफ, राज्य और जिला वेक्सीन स्टोरों पर स्टाफ।
  - राज्य पीआईपी के प्रशिक्षण घटकों का मूल्यांकन/समीक्षा और इन्हें मजबूत करने के लिए उचित कार्रवाई की सलाह देना। संशोधित राज्य पीआईपी में सुझावों का संतोषजनक ढंग से समाधान सुनिश्चित करने के लिए जांच करना।

- राष्ट्रीय और राज्य प्रभावी वेक्सीन प्रबंधन का मूल्यांकन तथा सुधार योजना की तैयारी व क्रियान्वयन हेतु सहायता।

पात्रता:

अनिवार्य

- स्वास्थ्य प्रबंधन में एमबीए या सामग्री प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री।
- विशेष रूप से एमएस ऑफिस में मानक कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के ज्ञान के साथ आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में 5 वर्ष से अधिक का अनुभव।
- आंकड़ों के रखरखाव/व्याख्या।

वांछनीय

सरकारी क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर कोल्ड चेन और वेक्सीन आपूर्ति श्रृंखला में अनुभव वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।
केन्द्र और राज्य सरकारों के साथ कार्य का अनुभव ।
वेक्सीन प्रबंधन मूल्यांकन जैसे वीएमएटी, ईवीएसएम और ईवीएम व वेक्सीन अपव्यय अध्ययन का अनुभव ।
कार्यक्रम प्रबंधन, क्षमता निर्माण और पर्यवेक्षण सहायता में अनुभव ।
औपचारिक शैक्षिक योग्यता और अनुभव में उस स्थिति में छूट दी जा सकती है यदि उच्च गुणवत्ता वाला कार्य प्रकाशित हुआ है या जहां भी विशेष प्रासंगिकता का कार्य अनुभव है।

आयुः आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख को अधिकतम 40 वर्ष आयु और विस्तृत क्षेत्रीय दौरे करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।

पारिश्रमिक सीमाः 90000/- रु. से 1,30,000/- रु. प्रतिमाह के बीच।

स्थानः नई दिल्ली।

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **4-May-2017** को अपराह्न **4** बजे तक mohfw.recruitment@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।